# हमारा महाविद्यालय




राजकीय महाविद्यालय, बरवाला (हिसार) की शुरूआत पंजाबी धर्मशाला में अगस्त, 2008 में की थी। यह महाविद्यालय सन् 2011 से 31 अगस्त, 2014 तक नर्सिंग छात्रावास की पुरानी इमारत (Building) में चला। एक सितम्बर, 2014 को हरियाणा सरकार ने नया भवन महाविद्यालय को भेंट कर दिया। कॉलेज में हरियाली को बनाए रखने में वन विभाग का बहुत ही सहरानीय योगदान है जिन्होंने कॉलेज में अनेक प्रकार के पौधे लगाने व पार्क बनाने में सहायता की।

**प्रवेश संख्या :**

इस समय महाविद्यालय में 853 छात्राओं व 560 छात्र सहित कुल 1413 विद्यार्थियों को कला, वाणिज्य, विज्ञान के साथ-साथ एक विषय में स्नातकोत्तर और PGDCA की शिक्षा दी जाती हैं। इस समय महाविद्यालय में 61 शैक्षणिक कर्मचारी कार्यरत है।

**पुस्तकालय :**

- महाविद्यालय के पुस्तकालय में पाठ्यक्रम से संबंधित विषयों के साथ-साथ समसामयिक विषयों सहित कुल 6263 पुस्तकें 'बुक बैंक' में विद्यार्थियों के लिए संगृहित हैं। पुस्तकालय में प्रतिदिन पांच राष्ट्रीय समाचार पत्र और प्रचुर मात्रा में E-Book नियमित रूप से पाठकों को उपलब्ध करवाई जाती है और अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु 'Studies in History' जर्नल भी खरीदा हुआ हैं।

- कॉलेज का पुस्तकालय छात्र-छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी है। यहां से निर्धन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को पाठ्य-पुस्तकें मुफ्त वितरित की जाती है। अन्य विद्यार्थियों को भी पढ़ने के लिए कुछ अवधि तक पुस्तकें मुफ्त दी जाती है। विद्यार्थी अपने मनोरंजन के लिए यहां से कहनियों की पुस्तकें, कॉमिक्स तथा पत्रिका घर ले जा सकते है। विभिन्न प्रकार की



Scanned with OKEN Scanner

पुस्तकें उपलब्ध होने से शिक्षकों को अध्ययन और अध्यापन में बहुत मदद मिलती है।

**परिक्षा परिणाम : –**

- अपनी शानदार परम्पराओं को कायम रखते हुए विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित करते हुए महाविद्यालय की गौरवशाली परम्परा को संजोकर रखा है। सन् 2023–24 में **बी.कॉम, द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल** (1220401003025) ने विश्वविद्यालय स्तर पर द्वितीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

**आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ (IQAC)**

- महाविद्यालय में 'आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ' की स्थापना की गई है। यह प्रकोष्ठ शैक्षणिक व्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में सचेत, सुसंगत और उत्प्रेरक सुधार के लिए एक प्रणाली विकसित करने के लिए प्रयासरत है। प्रकोष्ठ द्वारा समय–समय पर प्राध्यापकों के एकेडमिक परफोमेंस इंडिकेटर (API Score) का सत्यापन किया जाता है।
- 20.12.2023 को शाम 7:00 बजे गूगल मीट पर प्रोफेसर डॉ. बलजीत सहारण (चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय, हरियाणा) के सानिध्य में 'आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन' (IQAC) द्वारा अनुसंधान पद्वति पर एक संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें लगभग 570 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**सांस्कृतिक गतिविधियां :**

- महाविद्यालय ने जोनल यूथ फेस्टिवल में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया और एकल नृत्य, माइम, नाटक और कविता वाचन में अलग–अलग पुरस्कार जीतें। ओ.डी.एम. महिला महाविद्यालय, हिसार में आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल में नाटक और कविता पाठ में कॉलेज ने अनुशंसित (प्रथम स्थान) प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
- इस वर्ष गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में जोनल यूथ फेस्टिवल के बाद इंटर जोनल या यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया गया और कॉलेज ने हरियाणवी नाटक में प्रथम पुरस्कार जीता।
- इस वर्ष छात्रों ने जिला स्तरीय युवा उत्सव में भी भाग लिया और फोटोग्राफी और नृत्य श्रेणी (एकल हरियाणवी) और समूह नृत्य में विभिन्न पुरस्कार जीते।
- महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता और उल्लास उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमे महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न गतिविधीयो में बढचढ कर भाग लिया।

**खेलकूद गतिविधियाँ :**

- 07–08 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूल प्रतियोगिता को आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत्त कर्नल श्री धर्मबीर नेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में तथा श्री रमेश बैटरी वाला ने विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। खेलकूद प्रतियोगिता समापन पर क्षेत्र के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता श्री साधु राम जाखड़ मुख्य अतिथि रहे। इस खेलकूद प्रतियोगिता में रवि व सरिति सर्वक्षेष्ठ खिलाड़ी चुने गए।

**राष्ट्रीय सेवा योजना :**

- राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय की केन्द्रीय योजना हैं, जिसे औपचारिक रूप से 24



Scanned with OKEN Scanner

सितम्बर, 1969 को शुरू किया गया। राजकीय महाविद्याय बरवाला, हिसार की राष्ट्रीय सेवा योजना में दो यूनिट हैं।

- पिछले वर्ष (सत्र 2022-23) में महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवक बलराम ने दिल्ली में आर.डी. परेड में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।
- 05.09.2023 को हमारे स्वयंसेवकों ने 'प्लास्टिक मुक्त हरियाणा एवं पर्यावरण संरक्षण' विषय पर राज्य स्तरीय पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता में भाग लिया।
- कुल सात स्वयंसेवकों (यूनिट 1st से चार और यूनिट 2nd से तीन) ने 11.09.2023 को गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय प्री. आरडी परीक्षण शिविर में भाग लिया।
- 02.10.2023 से 11.10.2023 तक मैकलोडगैंग, धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में एनएसएस एडवेंचर कैंप आयोजित किया गया जिसमें ईशा सुपुत्री श्री नरेन्द्र (बी.ए.-3rd अनुक्रमांक 1210401002019 यूनिट-1st) ने भाग लिया और रॉक क्वांईबिंग, रबेलिंग, ट्रेकिंग, कॉम्बिंग के प्रांरम्भिक कौशल में दक्षता हासिल की।

## महिला प्रकोष्ठ :

- महिला प्रकोष्ठ द्वारा 09.11.2023 को महाविद्यालय में डॉ. अनिता तनेजा (सहायक प्रोफेसर राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार) ने 'महिलाओ के लिए वित्तिय स्वतन्त्रता का महत्त्व और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर' विषय पर विस्तार व्याख्यान दिए।
- 17.11.2023 को डॉ. मुदिता वर्मा (सेवानिवृत्त एसोशिएट प्रोफेसर) ने 'नवयुग की नारी चेतना और हमारा समाज' विषय एक बहुमूल्य विस्तार व्याख्यान दिया। वही डॉ. जितेंद्र कुमार (ब्रेन सांइटिस्ट विजडम ऑफ माइंड, हिसार) ने छात्रों को अपनी स्मरण शक्ति को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी :

- 27.01.2024 को कॉलेज स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रोजेक्ट को अंतर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भेजा गया जो कि राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में सम्पन्न हुई। हमे यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि बी.एस.सी. कम्प्यूटर साईन्स तृतीय वर्ष के विद्यार्थी नंदिनी और योगेश द्वारा बनाया गया, **अरस्तु प्रोजैक्ट** प्रथम स्थान पर रहा।
- 05.02.2024 से 06.02.2024 को राजकीय महाविद्यालय हिसार में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में इस अरस्तु प्रोजैक्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## प्लेसमेंट सैल :

- प्लेसमेंट सैल द्वारा आयोजित 27.10.2023 को श्री योगेश्वर यादव, उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, हिसार हरियाणा ने 'राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल का विवरण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें' विषय पर और श्री होम सिंह, सेवानिवृत्त एस.डी.ओ. (पचांयती राज) ने 'स्मरण शक्ति और साक्षात्कार की कला कैसे सुधारें' विषय पर प्रभावशाली व्याख्यान दिया।
- 03.11.2023 को कॉलेज परिसर बरवाला में **'मेगा जॉब फेयर'** का आयोजन किया गया जिसमें 25 कम्पनियों ने कॉलेज विद्यार्थीयों और पूर्व छात्रों के लिए साक्षात्कार आयोजित करके लगभग 350 छात्रों को नौकरी के प्रस्ताव

दिए।

- 07.03.2024 को एक दिवसीय अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम (STTP) राष्ट्रीय श्रमिक, शिक्षा और विकास बोर्ड, श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें 100 छात्रों ने भाग लिया और श्री अमिताभ प्रकाश (क्षेत्रीय निदेशक, फरीदाबाद) ने छात्रों को प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। श्री योगेश्वर यादव (उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, हिसार हरियाणा) और उनकी टीम भी इस (STTP) का हिस्सा रही। इस (STTP) में छात्रों को श्री अमिताभ प्रकाश की प्रेरक बातों से लाभ हुआ और साथ ही उन्हें (STTP) में भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र और DBT के माध्यम से 250 रूपये प्रत्येक छात्र को प्राप्त हुए।

**शिक्षा के साथ रोजगार :**

- हरियाणा सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ-साथ रोजगार की स्कीम के अन्तर्गत सत्र 2023-24 में 40 हजार का अनुदान प्राप्त हुआ और 19 मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से चुना गया एवं उन्हें विभिन्न प्रकोष्ठों, कार्यशालाओं और पुस्तकालय में लगाया गया।

**एंटी ड्रग सैल :**

- 03.11.2023 को नशा मुक्ति अभियान के तहत मुख्य अथिति के रूप में एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (ADGP) श्रीकांत जाधव ने शिरक्त की और उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारें में बताया। ADGP ने विद्यार्थियों को नशा छोड़ने की शपथ दिलाई और महाविद्यालय द्वारा नशे के विरूद्व चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में अपना सन्देश भी लिखा।

**रेड रिबन / रेड क्रास :**

- 15.01.2024 को पांच छात्रों और एक नोडल अधिकारी ने राजकीय कॉलेज, हिसार में पांच दिवसीय जिला स्तरीय युवा रेड क्रास प्रशिक्षण में भाग लिया।
- 12.02.2024 को रेड रिबन क्लब के दो नोडल अधिकारी और छह पीयर एजेकेटर ने गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार में एचआईवी/एड्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

**मतदाता समिति :**

- मतदाता समिति के नोडल अधिकारी श्री सलेन्द्र सहरावत की देखरेख में मतदाता समिति ने 22 सितम्बर, 2023 से 05 सितम्बर, 2023 तक कुल 193 नए मतदाता पंजीकृत किए गए। समय-समय पर की जाने वाली स्वीप गतिविधियों का आयोजन भी किया।

इन दिनों महाविद्यालय ने नियमित कक्षाएं व गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दिशा में शिक्षक विद्यार्थियों से फीडबैक लेकर शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार लाने में महाविद्यालय प्रबन्धन, शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मियों का सराहनीय योगदान हैं। जिसके बदौलत राजकीय महाविद्यालय, बरवाला नई ऊँचाईयों को छूने की ओर निरन्तर अग्रसर है........